हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 21 अगस्त 2025



04 देश में चर्चित फर्जी वोट मामले के बीच मुख्यालय पर...



07 आवारा मवेशियों के मुद्दे पर आपस में उलझ...



सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़


## खबर संक्षेप

### भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव का सागर आगमन आज

**सागर।** भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव, प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया से भेंट करने को जबलपुर से सागर पधार रहें है। उनके साथ प्रदेश पदाधिकारी सदस्य राकेश यादव, किशोरी खलीफा, प्रवीण पहलवान, नर्वद काछी आ रहे है। यह भेंट वार्ता 21 अगस्त दिन गुरुवार, समय दोपहर 12 बजे, स्थान मैजिस्टिक प्लाजा तिलकगंज, सागर में होगी। भेंट वार्ता में प्रदेश व राष्ट्र में भारतीय शैली कुश्ती को बढ़ाने की आगे की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा होगी। इस दौरान सागर इकाई प्रदेश सह सचिव कौशल सोनी पहलवान, विनय जैन पहलवान, अभिषेक साहू, ज्ञानी पहलवान, इन्द्रपाल सिंह ठाकुर, अभिमन्यु पहलवान एवं अन्य सदस्यों के साथ भी बैठक होगी।

### नच बलिये सीजन 12 : डांस, सिंगिंग फैशन शो के ऑडिशन हुए

**सागर।** मनवानी फिल्म्स द्वारा अपने बच्चो की प्रतिभा निखारने एवं मंच प्रदान करने का 17 अगस्त 2025 रविवार को होटल दीपक सिविल लाइन में ऑडिशन हुए। डायरेक्टर राजेश मनवानी ने बताया की टोटल 69 बच्चे, युवक, युवतियों व 60 साल से ऊपर के प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिए जिसमे 59 प्रतिभागियों को चुना गया। जो अपनी कला का जौहर 24 अगस्त 2025 दिन रविवार को रविन्द्र भवन में अपनी कला का जौहर दिखाएंगे इसमें लगभग वे बच्चे ज्यादा आये जिसने कभी भी मंच पर कोई परफार्म नहीं दिया। सिंगिंग ऑडिशन में सुश्री सीमा सेन, पाश्र्व गायक सईद खान, अंजलि, प्रवीण श्रीवास्तव थे। फैशन शो में सुश्री श्वेता ठाकुर, श्रीमती दीपा ठाकुर, श्रीमती माया जैस्वाल थी। सिंगिंग ऑडिशन में जब हम जवान होंगे, तुम मिले प्यार से, तौबा ये मतवाली चाल, बरखा रानी जरा जमकर बरसों, प्यार का मौसम आया जैसे गीतों की छड़ी लगा दी छोटे से लेकर बड़ो ने दिया ऑडिशन बड़ों से लेकर युवतियों में गजब का उत्साह दिखा। फैशन शो में रंग-बिरंगे परिधानों के साथ कैटवॉक कर सभी को आकर्षित कर दिया। इसके साथ ही सीमा सेन, रूचि सोनी के मार्गदर्शन में मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियां भी हुई। डॉ.सुरेशचंद रावत, सुरेश मोहनानी, एड.वीनू राणा, एड. महेश नेमा, नीलम भट्ट, अनुराधा रैकवार, चम्पक भाई जैन ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना जरूरी है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मनोज जैन, डॉ.सुरेशचंद रावत, सुरेश मोहनानी, एड.वीनू राणा, सतीश पाठक, एड. महेश नेमा, स्वस्ति जैन, रुपेश मनवानी, प्रियंका मनवानी, अनिल गंगवानी, नवीन मोटवानी, चम्पक भाई जैन, आदि उपस्थित थे।

### जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सागर।** प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0 के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आयुक्त एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समयसीमा में दिलाना सुनिश्चित करें। नगरीय निकायों को लक्ष्य पूर्ति हेतु सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन नगरीय निकायों में कार्य प्रगति धीमी पाई गई है, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। सागर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 अंतर्गत कुल 73,447 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से अब तक 67,171 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष 6,262 आवासों के शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संबंधित नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 1,965 नवीन आवासों के प्रकरण शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किए गए हैं।

## कलेक्टर के निर्देश पर निजी विद्यालयों का निरीक्षण दूसरे दिन भी जारी

# निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों से ली जाने वाली शुल्क गणवेश व पुस्तकों की सूक्ष्मता से की जा रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले के सभी निजी विद्यालयों की जांच की जा रही है जिसमें मुख्य रूप से निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों से ली जाने वाली शुल्क, गणवेश एवं विद्यालय में चलने वाले पुस्तकों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा निजी विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस एवं संबंधित विषयांश विनिमय अधिनियम 2017, अधिनियम 2018 एवं अधिनियम 2020 के तहत फीस वृद्धि, एनसीईआरटी की पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म क्रय करने के संबंध में जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज सागर शहर की एसडीएम अदिति यादव एपीसी अभय श्रीवास्तव, बीआरसी अनिरुद्ध डिमा एवं बीएसी राघवेन्द्र सिंह के संयुक्त दल ने पारस विद्या विहार,



एमएम रीजनल विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार बीना एसडीएम विजय डेहरिया ने भी बीना के निजी विद्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा जिले के समस्त एसडीएम के द्वारा निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं जिसके परिपेक्ष में सभी के द्वारा लगातार निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है।

निरीक्षण में ऑनलाइन फीस की एण्ट्री, ऑफ लाइन फीस एण्ट्री, एनसीईआरटी की पुस्तकों की उपलब्धता एवं शैक्षणिक अध्ययन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई साथ ही विद्यालयों कें कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से फीस, गणवेश पुस्तकों के संबंध में जानकारी ली गई साथ ही विद्यार्थियों से शैक्षणिक अध्ययन एवं विद्यालय गतिविधियों के संबंध में जानकारी भी ली गई।

कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि सभी निजी विद्यालयों का निरीक्षण लगातार किया जाए एवं अनियमित्ताएं पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए इसी प्रकार सभी शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण लगातार किया जावे एवं अनुपस्थित शिक्षकों एवं अन्य अनियमित्ताएं होने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।



## एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, 500 कैडेट्स ले रहे भाग

**सागर।** मध्यप्रदेश बालिका बटालियन एन.सी.सी. सागर के तत्वावधान में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सी.ए.टी.सी क्रमांक-181) का आयोजन 18 अगस्त से 27 अगस्त तक एस.के.एन. यूनिवर्सिटी, सिरोजा में किया जा रहा है। इस शिविर में लगभग 500 कैडेट्स सीनियर विंग, जूनियर विंग एवं बेस्ट कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर में कैडेट्स को फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग, टेंट पिचिंग, ओ.टी., पी.टी., योगा सहित विभिन्न समसामयिक विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, उनके सर्वांगीण विकास के लिए वाद-विवाद, एकल नृत्य, नाटक, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। एन.सी.सी. के ए, बी एवं सी सर्टिफिकेट परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु इस प्रकार के वार्षिक प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेना अनिवार्य होता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स में अनुशासन, राष्ट्र प्रेम, आपसी मेल-जोल और एकता की भावना विकसित होती है। शिविर के पश्चात उनके भीतर साहस, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है, जो उन्हें भविष्य में सफल नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। यह शिविर कैंप कमांडेंट कर्नल सुजीत डी. देशमुख एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर प्रतिभा तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। शिविर की व्यवस्थाओं में सूबेदार मेजर धनत्तर सिंह, एडम सूबेदार मेजर सतीश कुमार, समस्त पी.आई. स्टाफ, ए.एन.ओ. एवं सिविल स्टाफ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।



## कलेक्टर ने किया भू-अर्जन शाखा का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने भू-अर्जन शाखा का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे भू-अर्जन प्रकरणों का समय पर निराकरण करें। उन्होंने जोर दिया कि इन प्रकरणों में नियम और प्रक्रिया का गंभीरता से पालन किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से और तेजी से निपटाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन और व्यवस्थित हों।कलेक्टर संदीप जी आर ने मुआवजा वितरण के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा राशि का भुगतान समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए इस हेतु लगातार कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मुआवजा राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी या अनियमितता नहीं होनी चाहिए और प्रभावित व्यक्तियों को उनकी हकदारी के अनुसार मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुआवजा राशि के भुगतान के दौरान सभी आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए तथा मुआवजा का वितरण पूरी पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि मुआवजा राशि के वितरण में अनावश्यक देरी अथवा लापरवाही बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उल्दन/बंडा परियोजना, जेरा परियोजना, आपचंद मध्यम परियोजना, हनौता सिंचाई परियोजना, वीरांगना रानीदुर्गा टाइगर रिजर्व परियोजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# रक्षाबंधन सुरक्षा, सम्मान और परंपरा का पर्व हैः अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भाजपा के युवा नेता अविराज सिंह नेखुरई के शासकीय उ.मा. कस्तूरबा कन्या छात्रावास, शासकीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में छात्राओं से राखी बंधवाई। तदोपरांत बरोदिया कलां में बरोदिया हाइवे फिलिंग स्टेशन, एवं शिव शक्ति इलेक्ट्रिकल्स एंड मशीनरी स्टोर का शुभारंभ किया।

अविराज सिंह ने अपने संबोधन में छात्राओं से कहा कि रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है। जिसमें एक भाई अपनी बहन के हर सुख दुख में साथ देता है। रक्षाबंधन भाई बहन के पवित्र रिश्ते और रक्षा का प्रतीक है, भाई बहन के पवित्र बंधन का उत्सव है इस त्यौहार को सदियों पुराना माना जाता है रक्षाबंधन सुरक्षा सम्मान और परंपरा का पर्व है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल स्कूल, कॉलेज और नौकरी तक सीमित नहीं है शिक्षा जीवनरूपी संघर्ष के लिये तैयार करती है, हमारे खाली मन में संस्कार भरती है इसलिए जितना हम शिक्षित होंगे,




हमारा राष्ट्र उतना ही आगे बढ़ेगा। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि एक आदर्श युवा वह होता है जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृद्य में ऊर्जा और आंखों में सपने होते है।

कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविन्द्र राजपूत, पार्षद श्रीमती रेखा अहिरवार, कमलेश यादव, रजनी विश्कर्मा, प्रवीण जैन, सुरेन्द्र राजपूत, सुनील राय, रामशास्त्री, गौरव राय, बिट्टू राजपूत, कृष्णा साहू, रितिक कुशवाहा, मिंदर रजक, कपिल कुशवाहा, काशीराम अहिरवार, यशदीप अहिरवार, वैभव नामदेव, अंकित द्विवेदी, दीपू पड़रई, नीतिराज पटैल, इन्द्रराज ठाकुर, काशीराम अहिरवार, प्रभात सिंह धनौरा, बीआरी राजेन्द्र सेंगर, बीईओ आर.एस. शर्मा, संकुल प्राचार्य रविकांत असाटी, श्रीमती गायत्री शाक्य, ओमकार कुशवाहा, डॉ. विनोद राय, गोपाल विश्वकर्मा, सीएमओ राजेश मेहतेले, पुष्पेन्द्र सिंह, सोनू चंदेल, गणेश पटैल, अखिलेश पटैल, दिनेश नामदेव, मेहरवान अहिरवार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कक्षा 10वीं व नवीन विषयों के शिक्षकों हेतु द्वितीय मासिक प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कक्षा दसवीं एवं नवीन विषयों में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए द्वितीय मासिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिले के समस्त विद्यालयों से आए 227 शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अरविंद गोस्वामी, राजेंद्र अहिरवार, दीपा अहिरवार एवं नीलू जैन द्वारा आगामी 28 अगस्त से प्रारंभ होने वाली मासिक परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र निर्माण की प्रक्रिया को स्पष्ट किया गया। साथ ही त्रैमासिक परीक्षा में पूछे जाने वाले विषय-वस्तु की समीक्षा कर कठिन बिंदुओं को सरलता से विद्यार्थियों को समझाने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की गई।ए.पी.सी. आरएमएसए चौबे ने सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण को गंभीरता से पूर्ण करने की प्रेरणा दी। मास्टर ट्रेनर दीपा अहिरवार ने परिसंचरण तंत्र, हृदय की संरचना एवं कार्यप्रणाली, उत्सर्जी तंत्र एवं उत्सर्जन प्रक्रिया जैसे जटिल विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इसके साथ ही, कक्षा 10वीं के अंग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए रविंद्र भवन, सागर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य त्रैमासिक परीक्षा की प्रभावी तैयारी एवं परीक्षा परिणाम में गुणात्मक सुधार हेतु रणनीतियों का प्रशिक्षण देना था। प्रशिक्षण में प्रश्न पत्र निर्माण, आदर्श उत्तर लेखन, अधिक अंक अर्जन की तकनीकों पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें जिले के 11 ब्लॉकों के 139 अंग्रेजी विषय के नियमित शिक्षकों ने भाग लिया। जिला एडीपीसी अभय श्रीवास्तव द्वारा परीक्षा परिणामों में सुधार तथा विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को लिख-लिखकर अभ्यास कराने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स बिजू थॉमस, आशीष शर्मा, अमित मिश्रा एवं अनुपम ताम्रकार उपस्थित रहे। कार्यशाला के नोडल अधिकारी प्राचार्य एम. आर. विश्वकर्मा थे।

## नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 21 से 25 अगस्त तक होंगे विभिन्न आयोजन, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार होंगे मुख्य अतिथि

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार, नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 21 से 25 अगस्त,तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों को लेकर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे। सुश्री लता गणपति, संयुक्त सचिव (डीपी), नशा निवारण (डीपी प्रभाग) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, सागर पुलिस महानिरीक्षक सुश्री हिमानी खन्ना विशिष्ट अतिथि होंगी। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं यूरोपियन भाषा विभाग के नवनिर्मित सरोजिनी नायडू भवन का लोकार्पण भी होगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर केंद्रित पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा. सांस्कृतिक परिषद् द्वारा नशा मुक्त अभियान पर आधारित जिंगल, आकेस्ट्रा की प्रस्तुति दी जाएगी।कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो. चंदा बेन एवं प्रो. डी. के. नेमा ने बताया कि विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रम/अभियान/गतिविधि का प्रभावी ढंग से पालन और आयोजन किया जाना है।

## हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि दिव्यांगजन यदि आपके समक्ष आतें है तो पूरे सम्मान के साथ उनकी बात सुनें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें।



## माटी गणेश सिद्ध गणेश के तहत प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं शुद्धता के तहत घर घर गणेश, हर घर गणेश विराजे माटी के गणेश का अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज विकासखंड माल्थोन में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर ज्ञानपीठ विद्यालय मालथौन में किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ परिषद के संभाग समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया, एवं जिला समन्वयक के.के. मिश्रा के द्वारा किया गया। एबीएस शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति के प्रबंधक आनंद जैन द्वारा सभी अतिथियो का पगड़ी एवं गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद ब्लॉक समन्वयक धर्म नाड़ीवाल द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक उपस्थित प्रतिभागियों को समझाया इसके बाद खुरई से पधारे राघवेंद्र प्रजापति द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में संभाग समन्वयक द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के बारे में समझाते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से आप पर्यावरण एवं जल दोनों का ही शुद्धता का संरक्षण कर सकते हैं। मिट्टी के गणेश घर में विराजित करने की हमारी पुरानी सनातनी परंपरा रही है आज के इस आधुनिक दौर में हम इस परंपरा को खोते जा रहे थे परिषद द्वारा इसी परंपरा को पुनर्जीवित करने एवं पर्यावरण की शुद्धता की रक्षा करने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, आगे पर्यावरण का संरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि आपको जो यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर आप अपने पड़ोसी को, छात्र/छात्राओं को, नवांकुर सखियों को, ग्राम वासियों को भी प्रशिक्षित करें। मिट्टी की मूर्ति में शुरूआती चरण में बीज भी रोपित किए जाये। जिससे यह बीज अंकुरित हो जाए और बड़े हों जाये तब आप उन पौधों को अपने घरों , खेत मे आँगन या किसी भी सुरक्षित स्थान पर में अपने घर के किसी बूढ़े बुजुर्ग के नाम या बच्चों के जन्मदिन पर लगाए। एवं उनकी देखरेख का संकल्प ले एवं इस प्रकार हम पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलदीप सेन, रामजी ठाकुर, धीरज जैन, सजल जैन, मनोज अहिरवार, धीरेंद्र सिसोदिया, प्रस्फुटन समिति के सदस्य सीएमसीएलडीपी एवं स्कूल की छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए प्रशिक्षण में उपस्थित हुए प्रतिभागियों ने मिट्टी के गणेश घर में ही विसर्जन करने का संकल्प लिया।


## सशक्त वाहिनी अभियान के तहत निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

# 12वीं पास कर चुकी छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करेंगे विशेषज्ञ, 3 महीने दी जाएगी कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से सशक्त वाहिनी अभियान के तहत महिला बालिकाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं विशेष कर पुलिस भर्ती में चयन के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन एवं शारीरिक प्रशिक्षण के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास शुरू की जा रही है। महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिन बालिकाओं ने कक्षा 12वीं पास कर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है उनके प्रथम बैच के लिए 65 युवतियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

कक्षाओं का संचालन आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुलिस



कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में आज बुधवार दोपहर दोपहर 3 बजे से प्रथम बेच शुरू किया जा रहा है। प्रथम बैच 3 माह के लिए संचालित किया जाएगा। जिसमें विषयवार गणित, मनोविज्ञान, इंग्लिश, सामान्य ज्ञान आदि विषयों की तैयारी विषय विशेषज्ञ द्वारा कराई जाएगी। साथ ही समय-समय पर आयोजित पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। सशक्त वाहनी अभियान अंतर्गत संचालित निःशुल्क कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य है की कमजोर वर्ग की वह बालिकाएं जो कोचिंग क्लास नहीं कर पा रही हैं उन्हें इस अभियान के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग क्लास उपलब्ध कराई जा सकें। जिससे वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर शासकीय सेवा में जा सकें। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी आज निशुल्क कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ किया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री आवास से सटे सरकारी क्वार्टर से रहस्यमय तरीके से फेंके गए कार्ड

# देश में चर्चित फर्जी वोट मामले के बीच मुख्यालय पर पड़े मिले संदिग्ध वोटर आईडी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

देश में अभी फर्जी वोट और चुनाव आयोग को लेकर मुद्दा जबरदस्त तरीके से गर्माया हुआ है। जिसमें राजनैतिक स्तर पर धमासान मचा हुआ है। इसी दरम्यान वोटर आईडी कार्डों से जुड़ा चौंकाने वाला मामला मंगलवार रात जिला मुख्यालय पर तब सामने आया। ज़ब केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार के सरकारी बंगले के ठीक पास में सड़क पर डले हुए 43 वोटर आईडी कार्ड संदिग्ध रूप से बरामद हुए। इनमें से कुछ कार्ड जली हुई हालत में मिले, जिससे शक गहराता जा रहा है कि इन्हें जलाने की कोशिश की गई। इन कार्डो को लेकर सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी ने तत्काल कलेक्टर व तहसीलदार को सूचना दी। साथ ही आशंका व्यक्त की है कि केंद्रीय मंत्री के बंगले के पास ये वोटर आईडी कार्ड फेंक कर केंद्रीय मंत्री व सांसद की छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया गया है।

## बंगले से लगे हुए सरकारी क्वार्टर से फेंके गये कार्ड

शिकायतकर्ता भाजपा बरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के बंगले से लगा हुआ सरकारी क्वार्टर है जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ कार्यालय में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ संतोष अम्बेडकर निवास करते हैं। इन्ही के घर से इन संदिग्ध वोटर आईडी कार्डो को फेंका गया है। जिनकी संख्या लगभग 42 के करीब है। जिसकी जांच की जाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसमें किसी षड्यंत्र की बू आ रही है।



## जिले के ही लोगों के बताये गये वोटर आईडीकार्ड

तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि जब्त किए गए सभी वोटर आईडी कार्ड जिले के लोगों के हैं। काड्र्स को निर्वाचन शाखा को वेरीफिकेशन के लिए सौंप दिया गया है। अब यह पुलिस जांच का विषय है कि इन्हें सड़क पर क्यों और किस मकसद से फेंका गया।



## सीसीटीवी फुटेज ने उजागर कर दिया पूरा मामला

बाबू संतोष की पत्नी द्वारा बोटर आईडी कार्ड की जानकारी को भ्रामक बताकर वायरल करने वाले के बिरुद्ध पुलिस से कार्यवाही की मांग करने के अगले दिन ही उक्त घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिसने बाबू संतोष की पत्नी के दावे को गलत साबित कर दिया। फुटेज में साफ दिख रहा है कि संतोष बाबू के सरकारी क्वार्टर से एक महिला डस्टबिन लेकर बाहर आकर वोटर कार्ड निकालकर सड़क पर फेंक रही है। उक्त फुटेज बंगले के सामने वाली दुकान में लगे कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है। यह वीडियो अब प्रशासन के हाथ में महत्वपूर्ण सबूत माना जा रहा है।

## कलेक्टर ने दिए निष्पक्ष जांच के आदेश

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने उक्त मामले को गंभीर मानते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। विवेक चतुर्वेदी ने भी कलेक्टर को पत्र सौंपकर मांग की है कि यह जांच की जाए कि कहीं इन वोटर आईडी के आधार पर सरकारी योजनाओं में गलत तरीके से लाभ तो नहीं उठाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री को बदनाम करने की नीयत से उनके बंगले के पास कार्ड फेंके गए हैं।

## जानकारी वायरल होते ही बाबू की पत्नी ने अंजान बनते हुए दिया पुलिस को आवेदन

ज़ब सड़क पर डले हुए वोटर आईडी कार्ड को तहसीलदार ने जप्त कर लिया और उक्त मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तब आनन फानन में उक्त मामले से अंजान बनते होते स्वास्थ्य विभाग के बाबू संतोष अम्बेडकर की पत्नी प्रतिभा देवी ने देर रात को कोतवाली में आवेदन दिया। जिसमें मांग करते हुए कहा गया कि मेरे घर के सामने वोटर आईडी कार्ड पड़े होने और उन्हें जलाने की जानकारी सोशल मीडिया पर बायरल की जा रही है। जबकि उक्त वोटर आईडी कार्ड के संबंध में मुझे व मेरे पति संतोष अम्बेडकर को कोई जानकारी नहीं है। इसलिए उक्त भ्रामक जानकारी बायरल करने बाले के बिरुद्ध कार्यवाही की जाये।

### पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने प्रशासन को दी सबसे पहले सूचना

को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी ने सबसे पहले इस घटना की सूचना कलेक्टर और तहसीलदार को दी। उन्होंने बताया कि वह जब रात को एक कार्यक्रम से लौटकर केंद्रीय मंत्री के बंगले पर पहुंचे थे तभी बंगले के पास ही सड़क पर वोटर आईडी कार्ड डले हुए दिखाई दिए। जब जानकारी की तो पता चला कि मंत्री के बंगले से सटे सरकारी क्वार्टर में सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ बाबू संतोष अंबेडकर रहते है। उन्ही के घर से एक महिला ने काड्र्स को सड़क पर फेंका है। तब इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी गई।

### डूबती महिला की बचाई थी जान

# साहस और संवेदनशीलता की मिसालः मुकेश हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कभी-कभी ज़िंदगी और मौत के बीच सिर्फ एक पल का फ़ासला होता है। मंगलवार की शाम वृंदावन तालाब में भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब एक महिला अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। तब चीख-पुकार मचने लगी। लोग मदद के लिए पुकार रहे थे, लेकिन कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। तभी भीड़ के बीच से मुकेश त्रिपाठी नाम का एक शख्स आगे बढ़ा और पानी में छलांग लगा दी। और लहरों से जूझते हुए महिला को थामकर किनारे तक लें आये। जो महिला कुछ पल पहले मौत की गिरफ्त में जकड़ती जा रही थी, उस महिला को पुनः जीवनदान दिलवाया। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि एक सच्ची घटना है। सजग व्यक्तित्व के रूप में मुकेश त्रिपाठी ने जिस साहस और संवेदनशीलता का परिचय दिया, उसने पूरे जिले को गर्व से भर दिया।

## बहादुरी की सूचना मिलते ही एसपी मंडलोई ने किया सम्मानित

घटना के दो दिन बाद 20 अगस्त को इस साहसी कार्य को सम्मान देने के लिए एसपी मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने मुकेश त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उस पल तालियां गूँज रही थीं और सबकी निगाहों में मुकेश एक साधारण इंसान नहीं, बल्कि मानवता के नायक बन चुके थे।

## इंसानियत के जिन्दा होने का सबूत हैं मुकेश जैसे साहसी लोगः एसपी

कार्यक्रम में एसपी मंडलोई ने कहा कि मुकेश त्रिपाठी का साहस समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे लोग हमें याद दिलाते हैं कि इंसानियत जिंदा है और यही हमारे समाज की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने आगे बताया कि जिले में चल रहा हेल्पिंग हैंड अभियान ऐसे ही मानवीय कार्यों को प्रोत्साहित करता है और हर नागरिक को जरूरत पड़ने पर मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, मुख्य लिपिक रामाधार त्रिपाठी, स्टेनो रत्नेश तिवारी सहित पुलिस कार्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### आशीष ट्रेडिंग कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# किसानों को महंगे दामों पर खाद बेचना दुकानदारों को पड़ा भारी



**पलेरा।** मानसून आते ही किसानों को रोपाई करने से पहले खेत की मिट्टी तैयार करने के साथ ही फसल के अच्छे विकास-वृद्धि के लिए भी ध्यान देना होता है। इन सबके लिए खाद की बहुत जरूरत पड़ती है। किसानों को खाद की किल्लत न हो और खाद विक्रेताओं की ओर से खाद की डंपिंग न होने पाए, इसलिए कृषि अधिकारी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। किसानों को दी जाने वाली खाद की उपलब्धता के दावों और हकीकत में कितना अंतर है इसका उदाहरण पलेरा नगर में सामने आया है जहाँ किसान परेशान है लेकिन व्यापारी कालाबाजारी के लिए स्टॉक को जमा कर रहा है, ऐसे में पलेरा कृषि विकास अधिकारी रामाकांत लोधी ने थाना पलेरा आकर आरोपी पर एफआईआर दर्ज करवाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 13 अगस्त को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पलेरा द्वारा आशीष ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मथुरा प्रसाद गुप्ता की दुकान का निरीक्षण किया गया था। जिसमें विक्रेता द्वारा बिक्री किए गए यूरिया स्कंन्द के बिल प्रस्तुत नहीं किए गए एवं सूचना पटल पर खाद स्कंन्द एवं दर सूची प्रदर्शित नहीं पाई गई। इसके अलावा कृषकों को कैश मेमो जारी नहीं किए गए, जो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 35,5 एवं 4 का उल्लंघन है। जिसके आधार पर उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास जिला टीकमगढ़ के आदेश क्रमांक/टी-4/उर्व-गु-नि/2025-26/2491 दिनांक 14 अगस्त 2025 द्वारा खाद्य बिक्री अनुज्ञप्ति निलंबित की गई। जिससे स्पष्ट होता है कि आशीष ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मथुरा प्रसाद गुप्ता निवासी पलेरा के द्वारा कल 25-2-00 मेट्रिक टन यूरिया खाद की 560 बोरी स्कंद पंजी में प्राप्त हुआ है। 560 बोरी में से 333 बोरी संदिग्ध विवरण मानकर जांच हेतु आदेश प्राप्त हुआ, जिसमें से 43 बोरी अवैध रूप से विक्रय करते हुए कालाबाजारी की गई। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का उल्लंघन है। जिसके चलते आशीष ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर मथुरा प्रसाद गुप्ता निवासी पलेरा के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है।




# 5 जिलों से शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने सीखे ग्राहक अधिकार रक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शोषण मुक्त समाज का संकल्प लेकर कार्य कर रही संस्था अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत की संभागीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें सागर संभाग के 5 जिलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही बैठक में कार्यकारिणी गठित करने की रुपरेखा बनाते हुए पदाधिकारियो को चयनित कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, उपभोक्ता फोरम सदस्य अनुभा वर्मा व विभाग संघचालक डॉ गौरीशंकर चौबे की उपस्थिति में 3 सत्रों में संभागीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें सागर संभाग के 5 जिलों से आये हुए कार्यकर्ताओं को ग्राहक अधिकार रक्षा के गुर सिखाये गये। उन्हें जागरूक करते हुए बताया गया कि किस प्रकार हम ग्राहक अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। इसके साथ ही जिले में कार्यकारिणी गठित करने के लिए डीके दुबे को जिला संयोजक एवं अटल तिवारी को सह संयोजक नियुक्त किया गया। उक्त बैठक के दौरान ग्राहक जागरण और शोषण मुक्ति अभियान को समाजव्यापी व्यवस्था बनाने के लिये आगामी त्रेमासिक योजना बनाई गयी।

### तालाब बंधान व जर्जर पुल की सुरक्षा से कर रहे खिलवाड़

# सुरक्षा इंतजामों को बारंबार तोड़ रहे वाहन चालकों के आगे बेबस प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

लगातार हो रही बारिश के चलते लबालब भर चुके महेंद्र सागर तालाब के बँधान और जर्जर हो चुके ऐतिहासिक बड़े पुल की सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा भारी बाहनो के आबागमन पर रोक लगाने के उद्देश्य से चिन्हित जगहों पर लोहे के स्थाई बेरीकेट्स लगाए गये थे लेकिन लापरबाह बाहन चालको द्वारा बारंबार उन बेरीकेट्स को रात के अँधेरे में तोड़ा जा रहा है। इन बाहन चालको के आगे प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। शहर की जनता के मन में ये सवाल उठ रहा है कि आखिर कब तक लापरवाह वाहन चालकों की मनमानी यूं ही चलती रहेगी? महेंद्र सागर तालाब की बंधान पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए लगाए गए लोहे के गेट और गाटर बार-बार क्षतिग्रस्त किए जा रहे हैं। मंगलवार रात फिर एक अज्ञात वाहन ने गेट में जोरदार टक्कर मारी, जिससे गेट झुक गया और लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया।




गौर करने वाली बात यह है कि यह कोई पहली घटना नहीं। इससे पहले 11 अगस्त को घंटाघर चौराहे के पास लगाया गया गेट भी एक पिकअप चालक ने तोड़ दिया था। सवाल यह है कि आखिर सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए ये गेट, लापरवाह ड्राइवरों के सामने क्यों बार-बार टिक नहीं पा रहे हैं? तालाब की बंधान से भारी वाहनों की आवाजाही स्थाई रूप से प्रतिबंधित है। वजह साफ है कि यह सड़क बेहद पुरानी, सकरी और संवेदनशील है। तालाब के किनारे मंदिर, कॉलेज और स्कूल स्थित हैं। ऐसे में भारी वाहनों के कंपन और दबाव से सड़क टूटने और हादसों का खतरा बढ़ जाता है। इसी खतरे को देखते हुए प्रशासन ने तालाब के चारों ओर जगह-जगह लोहे के पाइप और गाटर लगवाए थे, ताकि केवल बाइक और छोटे वाहन ही गुजर सकें। लेकिन तस्वीर यह है कि नियम तोड़ने वाले वाहन चालक जबरन गाड़ियां निकालने की कोशिश करते हैं और सुरक्षा के नाम पर लगाए गए गेट उनकी लापरवाही की भेंट चढ़ जाते हैं। मंगलवार रात की घटना में भी एक वाहन गेट में फंस गया और गाटर टूटकर नीचे झुक गया। नतीजा न केवल यातायात बाधित हुआ बल्कि आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## लार में होगा भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

**बड़ागांव धसान।** निकटवर्ती ग्राम लार में नवनिर्मित मनस्तम्भ पर श्रीमज्जिनेन्द्र जिन बिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ रथोत्सव का भव्य आयोजन 28 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा। यह आयोजन पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में दिगंबर जैन मंदिर, लार परिसर में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति का गठन किया गया है। समिति में अध्यक्ष निरंजन जैन, उपाध्यक्ष विजय जैन, महामंत्री पुष्पेंद्र जैन, संयोजक पं. कमल कुमार शास्त्री, सह संयोजक चौधरी ज्ञानचंद्र जैन, कोषाध्यक्ष नीरज जैन, सह-कोषाध्यक्ष राजेश जैन, प्रचारमंत्री मुकेश जैन एवं सह-प्रचारमंत्री अक्षय जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विरागोदय तीर्थ क्षेत्र पथरिया में पूज्य पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज सहित दिगंबर साधु एवं विद्वानों की मौजूदगी में महोत्सव का बैनर विमोचन किया गया और समिति पदाधिकारियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सम्पूर्णता अभियान में संपूर्ण देश में बेहतर प्रदर्शन करने पर कलेक्टर श्रोत्रिय गोल्ड मेडल से सम्मानित

# जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि, 45 दिनों में ही दूसरी बार मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले को मात्र 45 दिनों में दूसरी बार सम्मानित कराते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ऐतिहासिक उपलब्धि दिलवाई है। संपूर्ण जिले के लिये 20 अगस्त का दिन का बो पल ऐतिहासिक क्षण बन गया ज़ब जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा गोल्ड मेडल देकर गौरवपूर्ण पुरस्कार से नवाजा गया। इस दौरान जिले के पूर्व कलेक्टर अवधेश शर्मा को भी सम्मानित किया गया। राजधानी भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न जिलों के उन कलेक्टर्स को सम्मानित किया, जिन्होंने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के सभी 6 संकेतकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया।

## जिले के लिये 3 माह का अजब संयोग

जिले के लिये यह एक अजब संयोग बन गया है कि बिगत 45 दिनों के भीतर कलेक्टर श्रोत्रिय को जिन दो अभियानो की सफलता के चलते सम्मानित किया गया है। उन दोनों अभियानो के संचालन की समय सीमा 3--3 माह की ही थी। 3 माह तक संचालित जल गंगा संबर्धन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के चलते 30 जून को भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा कलेक्टर श्रोत्रिय को सम्मानित किया गया था और अब 3 माह तक संचालित राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य स्तरीय आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते कलेक्टर श्रोत्रिय को 20 अगस्त को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। टीकमगढ़ जिले के लिए यह उपलब्धि गर्व और प्रेरणा का विषय बनी है।





## कलेक्टर श्रोत्रिय के नेतृत्व में 45 दिनों में ही दूसरी बार सम्मानित हुआ जिला

इसी वर्ष मई जून की चिलचिलाती धूप में 3 माह तक जल गंगा संबर्धन अभियान के तहत मेहनत करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 30 जून को सम्मानित किया गया था। खंडवा में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के उत्कृष्ट कार्य की विशेष रूप से सराहना भी की गई थी। जलगंगा संबर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशन में जिले के प्राचीन जल श्रोतो को ढूंढ़ ढूंढ़कर उनका जीर्णोद्धार किया गया था। साथ ही निकाय के अंतर्गत खेत तालाब निर्माण, पेयजल कूप पुर्नभरण, हेण्डपंप एवं बोरवेल रिचार्ज, कपिलधारा पुर्नभरण, पुरानी बावड़ियों के जीर्णोद्धार, भू-जल संवर्धन और संरक्षण की दिशा में भी जिले ने उत्कृष्ट कार्य किया था। इस दौरान 30 मार्च से 30 जून तक 90 दिन चले जल संरक्षण अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया गया था। जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की ऐतिहासिक बंडा नहर का जीर्णोद्धार कर कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिले की जनता के दिलो को जीत लिया।

## जिले को पहली बार में ही मिला दोहरा गौरव

टीकमगढ़ जिले के लिए यह समारोह विशेष रूप से गौरव का क्षण रहा। जिसमें जिले को पहली बार राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल से नवाजा गया। साथ ही जिले के दो कलेक्टर को एक मंच पर एक साथ यह सम्मान दिया गया। जिले के वर्तमान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पूर्व कलेक्टर अवधेश शर्मा को मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन, आधारभूत ढाँचा और कौशल विकास सहित छह प्रमुख संकेतकों में संपूर्ण देश में संतृप्त प्रदर्शन के लिए दिया गया।

## मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान केवल अधिकारियों का नहीं बल्कि पूरे जिले की जनता और टीम भावना से किये कार्य का सम्मान है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के सफल परिणाम यह साबित करते हैं कि जब प्रशासन और समाज मिलकर कार्य करते हैं, तब विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं।

## त्योहारों को सद्भाव से मनाने को लेकर हुई बैठक गाय पर अटकी

# आवारा मवेशियों के मुद्दे पर आपस में उलझ गए नेता और अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आगामी समय में आयोजित होने वाले त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा बुलाई गई शांति समिति की बैठक में चर्चा तो होनी थी त्योहारों को लेकर, लेकिन नेता और अफसर गायों के मुद्दे पर उलझ गए। निराश्रित गायों के मुद्दे को लेकर अफसर और नेता ऐसे उलझे कि प्रभारी कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को हस्तक्षेप कर उन्हें रोकना पड़ा।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में उस समय मामला गरमा गया, जब किसी ने त्योहार के समय बाजार से आवारा मवेशियों को शहर से बाहर निकालने की बात सुझाव दिया। इस दौरान सीएमओ आरआर यादव ने गौशाला प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बोल दिया कि गौशाला संचालक गौ सेवा के लिए नहीं व्यवसाय करने के लिए गोशाला चला रहे हैं, ऐसे गौशाला संचालकों को सबक सीखाने की जरूरत है इस पर आपत्ति जताते हुए श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश नारायण गुप्ता ने कहा कि इस तरह आरोप लगाना ठीक नहीं है गौशाला अपने बजट के हिसाब से गायों को रख रही है और निराश्रित गायों का भी संचालन कर रही है पर सीएमओ उनकी बात से सहमत नहीं हुए और यहां तक बोल गए कि अगर बाजार में घूम रही निराश्रित गायों को गौशाला में नहीं रखा जाएगा तो फिर सरकार से आने वाला अनुदान भी बंद करवा देंगे। इस पर गोपाल गौशाला समिति के अध्यक्ष गुप्ता नाराज होकर खड़े हो गए और उन्हें सीएमओ को खरी खरी सुनाते हुए बोल दिया कि हम तुम्हारे किसी अनुदान पर गोशाला नहीं चला रहे हैं। हम अपने स्तर पर गौमाताओं की सेवा कर लेंगे तुमसे गायों का अनुदान बंद होता हो तो बंद कर दो। हमारी गौशाला में कितनी गाय आपके द्वारा छोड़ी गई है इसका हिसाब आपके पास नहीं हो तो गोशाला में आकर गिनवा लो। उन्होंने सीएमओ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़कों पर जो गाय निराश्रित घूम रही है वह शहर की नहीं है राजस्थान से किसानों द्वारा लाकर छोड़ी जा रही हैं और तुम्हारी लापरवाही के कारण यह मवेशी शहर में आकर रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी गौशालाएं भी बनी हुई है वहां पर निराश्रित गोवंश को क्यों नहीं भेजते हो? इस हॉट टॉक के बीच दूसरे नेता भी खूब बोलने लगे मामला त्योहार की व्यवस्थाओं से भटकते देख प्रभारी कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सदस्यों से शांत रहने की अपील करते हुए सीएमओ यादव को चुप रहने के निर्देश दिए तब जाकर त्योहार पर चर्चा हो पाई।



### शुरू होगा धार्मिक उत्सवों का सिलसिला

- 20 अगस्त से 6 सितंबर तक प्रयूषण पर्व
- 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 6 सितंबर तक लगेगी झांकियां
- 2 सितंबर को तेजा दशमी उत्सव
- 3 सितंबर को जिले का सबसे बड़ा धार्मिक उत्सव डोल ग्यारस
- 4 सितंबर को बोहरा समुदाय का ईद मिलादुन्नबी पर्व
- 5 सितंबर को सुन्नी मुसलमान समुदाय का ईद मिलादुन्नबी पर्व
- 6 सितंबर अनंत चतुर्दशी उत्सव
- 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवदुर्गा उत्सव
- 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व

### गायों को सड़कों पर छोड़ने वालों पर हो कार्रवाईः ब्रजराज

शांति समिति की बैठक में पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान ने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो गाय हमें सड़कों पर निराश्रित घूमती दिखाई पड़ रही है दरअसल उनमें से अधिकतर पालतू हैं लेकिन उनको पालने वाले रोज सुबह होने से पहले ही दूध निकाल कर सड़कों पर छोड़ देते हैं, जहां वह दान का चारा खाकर पेट भर रही है। उन्होंने कहा कि श्योपुर जिले में ढाई लाख गाय को पशु पालन विभाग ने पंजीकृत कर उनके कानों में यूआईडी कार्ड लगाए हुए हैं जिनसे 1 मिनट में ही पता चल जाएगा कि कौन सी गाय किस मालिक की है ऐसे लोग जो गाय रखने की हैसियत नहीं रखने पर गाय का दूध निकाल कर पी रहे हैं और मरने के बाद उनका मुआवजा लेने को आतुर रहते हैं उन पर कार्रवाई होना चाहिए। इस पर सीएमओ यादव ने कहा कि ऐसी गायों को हम कांजी हाउस में बंद करेंगे और जुर्माना लगाने की कार्रवाई करेंगे पर पूर्व विधायक सीएमओ की इस दलील से संतुष्ट नहीं हुए वह उन गाय के मालिकों पर एफआईआर दर्ज करवाने की मांग करते रहे जो गायों को दूध निकालने के बाद बाजारों में डंडे खाने के लिए उन्हें छोड़ देते हैं।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा,नपाध्यक्ष रेनू राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी, एसडीएम गगन मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी व दोनों समुदाय के प्रतिनिधि और सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्योपुर की अदालत ने सुनाई सजा, 20 हजार का जुर्माना भी लगाया

# नाबालिग से छेड़छाड़ कर उसे आत्महत्या करने पर मजबूर करने वाले आरोपी को 10 साल का कठोर कारावास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्योपुर बबीती होरा शर्मा की अदालत ने 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुना दी है, साथही 20 हजार रूपए का जुर्माना भी रोपित किया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रिचा शर्मा के द्वारा की गई। दो साल पुराना यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र का है।

श्योपुर न्यायालय से मिली जानकारी के मुताबिक मानपुर थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग बालिका को आरोपी सुनील पुत्र पहलवान बैरवा निवासी सरोदा थाना मानपुर उस समय परेशान करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करता था, जब वह स्कूल आती जाती थी। 26 जुलाई 2023 को जब नाबालिग बालिका अपनी बहन के साथ अपने खेत पर थी, तभी वहां आरोपी सुनील बैरवा पहुंच गया और नाबालिग बालिका से बोला कि या तो मेरे साथ चल या फिर कीटनाशक दवा पी ले। ऐसे में परेशान बालिका ने अपनी जान देने के लिए कीटनाशक दवा पी ली। जब तक बालिका का पिता खेत पर पहुंचा, तब तक बालिका अचेत हो गई थी, जिसे जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया और विवेचना पूरी कर चालान श्योपुर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने विचारण के दौरान आरोपी सुनील बैरवा को दोषी मानते हुए उसे 10 साल के कठोर कारावास और 20 हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी।

### छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को एक साल का सश्रम कारावास

श्योपुर न्यायालय ने मानपुर थाना क्षेत्र में घटित छेड़छाड़ के एक दूसरे मामले में भी फैसला सुनाते हुए आरोपी को एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुना दी है। पांच साल पुराने इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओ हरिओम शर्मा ने बताया कि यह मामला 7 अक्टूबर 2020 को तब घटित हुआ, जब पीड़ित युवती अपने खेत पर बने घर पर थी, जहां मौका पाकर आरोपी ईश्वर मीणा पुत्र रामलखन मीणा निवासी मेवाड़ा ने युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी। इस दौरान वहां पहुंचने युवती के पिता ने आरोपी को पकड़ भी लिया। बाद में मानपुर थाने में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी ईश्वर मीणा को दोषी मानते हुए एक साल के सश्रम कारावास और 500 रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।

# डॉ दाभोलकर ने समाज में वैज्ञानिक चेतना बढ़ाने लगा दिया अपना पूरा जीवनः पाराशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कराहल स्थित मध्यप्रदेश विज्ञान सभा आश्रम द्वारा डॉ नरेंद्र दाभोलकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में बुधवार को अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क के तत्वावधान में कराहल के अशासकीय शिक्षण संस्थान माँ शारदा विद्यालय में राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल संचालक राघवेंद्र भदौरिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। विज्ञान सभा के केन्द्र प्रभारी बीरेंद्र कुमार पाराशर ने जीवन में कुछ करना है तो मन को मारे मत बैठो गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महाराष्ट्र मे जन्मे एक समाज सुधारक डॉ नरेंद्र दाभोलकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ नरेंद्र दाभोलकर ने अंधविश्वास को समाज से दूर कर लोगों में वैज्ञानिक चेतना जागृत करने के लिए अपना समूचा जीवन समाज सुधार के लिए लगा दिया। उनके इस योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता। ऐसे महान व्यक्तित्व को हम सब श्रद्धासुमन अर्पित करते है। कार्यक्रम में शिक्षिका समता भदौरिया का सराहनीय योगदान रहा।

# दो विधायकों के साथ कांग्रेस ने किया नपा का घेराव, जमकर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मंगलवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान शिवपुरी रोड पर एक दुकानदार द्वारा फांसी लगाने की घटना से आहत कांग्रेसियों ने बुधवार को नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर जमकर हंगामा किया। दो विधायकों के साथ किए गए इस घेराव प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने सीएमओ आरआर यादव को आड़े हाथों लेते हुए इस तरह की बलात कार्रवाई बंद करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर लोगों के साथ ज्यादती बंद नहीं हुई तो उन्हें मजबूरी में सड़क पर उतरना पड़ेगा।

श्योपुर विधायक बाबू जंडेल एवं विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और जनता के साथ नगर पालिका पहुंचे कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया इस दौरान सीएमओ आरआर यादव से कार्यकर्ताओं की बहस भी हुई हालांकि विधायक जंडेल और मल्होत्रा ने सीएमओ को नियम कायदे का पाठ अच्छे से पढ़ाया लेकिन सबसे अधिक जोश में पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता दिखे जिन्होंने सीएमओ को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आप जो काम कर रहे हो हम उससे अनजान नहीं हैं। वह इसी नगरपालिका में दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं आप लोग शहर से बाहर जाकर अतिक्रमण हटा रहे हो जो आपका क्षेत्र नहीं है जबकि जहां यातायात व्यवस्था शहर के भीतर बाजारों में बिगड़ रही है। वहां आपका अभियान नहीं चलता है। उन्होंने कहा कि अगर वह व्यक्ति जिसने फांसी लगाने का प्रयास किया था लोगों द्वारा प्रयास करने पर बचाया नहीं जाता तो आपके ऊपर हत्या का पाप लगता और सड़क किनारे से दूर अगर कोई अपना ठेला लगाकर व्यवसाय कर रहा है तो उससे किसे क्या तकलीफ हो सकती है।

अगर आप दोबारा वहां गए तो कांग्रेस उनके ठेले और आपकी जेसीबी के बीच खड़ी दिखेगी। हम जेल में जाने से नहीं डरते हैं पहले भी हम जनता के लिए अपने ऊपर एफआईआर दर्ज करवा चुके हैं आगे भी करवा सकते हैं। राजनीतिक एफआईआर हमारे लिए मेडल हैं। सीएमओ ने कहा कि अगर आप नहीं चाहते कि वहां से अतिक्रमण हटे तो नगर पालिका भी कोई अतिक्रमण नहीं हटाएगी इस दौरान खूब नारेबाजी भी होती भी रही।

# शिक्षकों ने किया डीईओ कार्यालय का घेराव, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

12 वर्ष सेवा अवधि पूरी करने वाले शिक्षकों को शासन के निर्देशानुसार दिए जाने वाले प्रथम क्रमोन्नति का लाभ श्योपुर जिले में शिक्षकों को नहीं मिल रहा है। इससे नाराज शिक्षकों ने बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए नारेबाजी की और सहायक संचालक यश जैन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शासन की गाइडलाइन के तहत शासकीय सेवाकाल में रहने वाले सेवकों को सेवा काल के 12 वर्ष पूरे करने के बाद उन्हें प्रथम क्रमोन्नति दिए जाने का नियम है लेकिन श्योपुर जिले में शिक्षा विभाग इन नियमों की लगातार अनदेखा कर रहा है। शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिलने से उन्हें दूसरे जिलों के शिक्षकों के मुकाबले कम वेतन मिल रहा है। शिक्षक संगठन से जुड़े नेताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि अगर जिले में अति शीघ्र शिक्षकों को नियमानुसार प्रथम क्रमोन्नति का लाभ नहीं दिया जाता है तो वह आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने दी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि

# आमजन की पीड़ा दूर करने की प्रेरणा राजीव से मिली राहुल कोः जंडेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




गरीबों और बेबसों की समस्या को समझने और उसे दूर करने की प्रेरणा राहुल गांधी को विरासत में उनके पिता स्वर्गीय राजीव गांधी से मिली है, जिन्होंने अपने जीवन काल में ऐसे अनेकों उदाहरण पेश किए जिसमें वह गरीब मजबूर मजलूमों का सहारा बने। बुधवार को यह बात पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर विधायक बाबू जंडेल ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए कही।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने राजीव गांधी को संचार क्रांति का जनक बताते हुए कहा कि वह देश को 21वीं सदी में ले जाने वाले नेता थे। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर देश के विकास की नई दिशा तय की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने राजीव गांधी को दूरदृष्टा नेता बताते हुए कहा कि जिन्होंने युवा शक्ति पर भरोसा जताया और उन्हें राजनीति तथा विकास की धारा से जोड़ा। आज 18 साल के युवाओं को मतदान का जो अधिकार मिला हुआ है वो उनकी ही देन है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने ओर आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवागत जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी का स्वागत भी किया।

## राशि के अभाव में कहीं पुरानी गणवेश में तो कहीं सादे कपड़ों में स्कूल पहुंच रहे बच्चे

# सरकारी वादे हवा हवाई, जिले के 83 हजार विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म की राशि अभी तक नहीं मिल पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नवीन शिक्षा सत्र आरंभ हुए तीन महीने का समय होने को आया है, लेकिन अब तक सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गणवेश की राशि नहीं मिल पाई है। जिले के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक 83 हजार 862 विद्यार्थी अध्यनरत हैं। शिक्षण सत्र आरंभ होने के समय यह तय हो गया था कि इस बार सरकार गणवेश खरीदने के लिए सीधे विद्यार्थियों के खाते में ही एकमुश्त राशि जारी करेगी। इसलिए उम्मीद थी कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पहले विद्यार्थियों के खातो में गणवेश खरीदने के लिए राशि पहुंच जाएगी। लेकिन स्वतंत्रता दिवस बीतने के बाद भी राशि नहीं मिली है।

जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों का कहना है कि भुगतान की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकारी कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर के विद्यार्थियों को एकमुश्त राशि का भुगतान करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में संचालित शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा एक से कक्षा 8 वीं तक के 83 हजार 862 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे है। जिले के इन विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के बदले राशि मिलने का इंतजार है। इसलिए अधिकांश बच्चे पुरानी यूनिफॉर्म अथवा सादे कपड़ों में ही स्कूल आ-जा रहे हैं। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भी कुछ प्रायमरी स्कूलों में बच्चें ड्रेसकोड की जगह सादे कपड़ों में ही नजर आए।



### दो ड्रेस के हिसाब से 600 रुपए का भुगतान

जिला शिक्षा केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार की मंशा अनुरूप प्रत्येक विद्यार्थी को दो ड्रेस के हिसाब से 600 रुपए का भुगतान किया जाएगा। पिछले कुछ सालों से ड्रेस स्वसहायता समूह और अन्य संस्थाओं से तैयार कर दी जाती थी, लेकिन कपड़े की क्वालिटी और नाप छोटी-बड़ी होने से कई विद्यार्थी ड्रेस का उपयोग नहीं कर पाते थे। जिसके चलते सरकार ने यह निर्णय लिया है कि यूनिफॉर्म की राशि सीधे विद्यार्थियों को खाते में जमा की जाएं।

### ब्लॉक बार सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थी

| कक्षा | श्योपुर | कराहल | विजयपुर | कुल |
|---|---|---|---|---|
| पहली | 3165 | 2097 | 3654 | 8919 |
| दूसरी | 2934 | 2290 | 3688 | 8912 |
| तीसरी | 3617 | 2617 | 4339 | 10573 |
| चौथी | 4216 | 3312 | 5654 | 13182 |
| पांचवी | 4228 | 3089 | 6385 | 13702 |
| छटवी | 2918 | 1941 | 3545 | 8404 |
| सातवी | 3401 | 2439 | 4301 | 10141 |
| आठवी | 3467 | 2349 | 4216 | 10032 |
| कुल | 27946 | 20134 | 35782 | 83862 |

### खातों का अपडेशन, जल्द ही भुगतान

डीपीसी डॉ पीएस गोयल ने बताया कि शासन के निर्देश पर विद्यार्थियों के खातों के अपडेशन के साथ जानकारी भोपाल भेजी गई है। संभवतः अगस्त माह के अंत तक राशि का भुगतान हो सकता है। जिले में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने से एकमुश्त राशि के लिए बजट भी उस हिसाब से खर्च होना है।

### जानकारी भेजी

शासन द्वारा विद्यार्थियों के अकाउंट सहित अन्य जानकारी मांगी थी, जो भेजी गई है। शीघ्र ही यूनिफॉर्म की राशि का भुगतान जल्द होना है। जिसके बाद विद्यार्थी अपने हिसाब से ड्रेस बनवा कर पहन सकते हैं।

डॉ पीएस गोयल
डीपीसी श्योपुर

# विजयपुर में क्वारी नदी पर बने डैम पर नहाने गए छात्र की डूबने से मौत

## अपने माता पिता का इकलौता बेटा था मृतक, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र स्थित क्वारी नदी पर बने डैम में बुधवार को दोस्तों के साथ नहाने पहुंचे एक कक्षा 12 वीं की पढ़ाई कर रहे छात्र की डूबने से मौत हो गई। हालांकि डूबने के साथही वहां मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। विजयपुर थाना पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक विजयपुर के किला मोहल्ला निवासी अर्पित 18 वर्ष पुत्र मातादीन जाटव बुधवार की दोपहर को घर से दोस्त के साथ पढ़ाई करने की बात कहकर निकला था,लेकिन वह घर से निकलने के बाद दोस्तो के साथ विजयपुर के बायपास रोड पर बन रहे पुल के पास बने डैम में नहाने लग गया, नहाते वक्त अर्पित गहरे पानी में चला गया और डूब गया, हालांकि वहां मौजूद लोगो ने अर्पित को ढूंढकर पानी से बाहर निकाल लिया,लेकिन तब तक अर्पित की मौत हो गई। अर्पित अपने माता पिता का इकलौता बेटा और अपनी दोनों बहनों का इकलौता भाई था। विजयपुर टीआई राकेश शर्मा ने बताया कि इस मामले में पीएम के बाद शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, पिता पुत्र जख्मी

**श्योपुर।** बडौदा थाना क्षेत्र स्थित रतोदन रोड पर एक कार और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार पिता पुत्र जख्मी हो गए। पुलिस ने बताया कि ग्राम शाहपुरा निवासी रितेश नागर 22 वर्ष और उसका पिता रामनिवास नागर 50 वर्ष मंगलवार को जब शाहपुरा से बडौदा आ रहे थे,तभी रतोदन रोड पर उनकी बाइक को एक कार ने टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार यह दोनो पिता पुत्र घायल हो गए। रितेश को चोट कम आई,लेकिन उसके पिता रामनिवास को चोट अधिक होने की वजह से बडौदा से बारां के लिए रैफर कर दिया गया है। बडौदा थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

**श्योपुर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को अरेस्ट किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर बगबाज रोड से नकुल शिवहरे निवासी गिर्राज घाट श्योपुर को दबोचा है। उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। नकुल शिवहरे के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजमाता चैराहा निवासी अनिल नदवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णभान आदिवासी और उसकी पत्नी ने लोहे की क्षड़ और टायल्स से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लालमंता निवासी कैलाश बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भारत सिंह कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत 8 अगस्त को ग्राम तमाशा चक्क निवासी विशाल पुत्र भानू बंजारा उम्र 12 साल की मृत्यु हो गई थी जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। उक्त मामले की जांच के बाद पाया गया है उसे जहरीली दवा पिलाई गई थी जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

### शहर में हर रोज शाम को हो रही है वर्षा

**अशोकनगर।** पिछले कईं दिनों से लगातार उमस भरी गर्मी का सामना जिले के लोग कर रहे हैं लेकिन इस गर्मी के बीच बादल भी आ रहे है और हर रोज शाम को वर्षा भी हो रही है। मंगलवार की शाम को लगातार एक घण्टे तक शहर में वर्षा होती रही जिससे लोगों ने राहत महसूस की है। शहर में कब बादल आ जाएं तब चले जाए कोई पता नहीं है ऐसा पिछले कईं दिनों से हो रहा है। काले बादल तेजी से शहर के उपर आकर छा जाते हैं,कभी वर्षा होती है कभी नहीं होती है।

### मंडी बामोरा पुलिस ने शराब बरामद कर किया बड़ा खुलासा

# कार से अवैध मदिरा की तस्करी करते एक युवक किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मंडी बामोरा पुलिस ने ग्राम गोहर में चेकिंग के दौरान खुरई की तरफ से आ रही कार में रखी 6 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब को जब्त कर कार चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को दूसरे दिन बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया।

वहीं पकड़ी गई अवैध शराब एवं वाहन की कीमत 1 लाख 48 हजार 600 रुपए आंकी गई है। पुलिस एफआईआर के अनुसार मंगलवार को मंडी बामोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कार क्र. एमपी 20 सीए 4601 में एक व्यक्ति खुरई तरफ से शराब लेकर आ रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने खुरई रोड पर स्थित ग्राम गौहर में पेट्रोल पंप के पास चेकिंग लगाई। कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताई गई सफेद रंग की कार पुलिस को खुरई की तरफ से आती दिखाई दी। जिसे पुलिस ने रोक कर कार चालक से नाम पता पूछा। जिसने अपना नाम अंकित पिता महेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 25 साल निवासी नरसिंह मंदिर के पास मनोरमा वार्ड बीना का रहना वाला बताया। जिसे कार से बाहर आने को कहा व समक्ष गवाहों के कार की तलाशी ली गई।



#### डिग्गी से मिली 6 पेटी शराब

पुलिस तलाशी के दौरान कार की डिग्गी में 6 पेटी अंग्रेजी शराब जिसमें 2 पेटी अंग्रेजी शराब कुल 100 पाव मात्रा 18 ली, कीमत करीब 10 हजार रुपए, 2 पेटी व्हिस्की कुल 100 पाव मात्रा 18 ली, कीमती 17 हजार रुपए, एक पेटी कुल 12 बोतल मात्रा 9 लीटर कीमत 96 सौ रुपए, एक पेटी व्हिस्की कुल 12 बोतल मात्रा 9 लीटर कीमत 12 हजार रुपए की मिली। पुलिस ने शराब रखने व वाहन लाइसेंस मांगा तो नहीं होना बताया। उक्त शराब अवैध होने व आरोपी का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने से उक्त कार व शराब की कुल मात्रा 54 लीटर को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और दूसरे दिन न्यायालय में पेश किया गया।

### नाबालिग को भोपाल से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा, आरोपी गिरफ्तार

**बीना।** थाना आगासौद अंतर्गत चौकी मंडी बामोरा क्षेत्र की 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। जिसे पुलिस ने भोपाल से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। आगासौद पुलिस के अनुसार मंडी बामोरा क्षेत्र की 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों की शिकायत पर धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। साथ ही टीम ने सायबर सेल सागर की सहायता से सीसीटीवी फुटेज खंगाले एवं संदेही के मोबाइल की सीडीआर एवं लोकेशन का विश्लेषण किया। तकनीकी एवं मानवीय प्रयासों के आधार पर नाबालिग बालिका को भोपाल से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। साथ ही अपहरणकर्ता करण वंशकार को गिरफ्तार किया गया है।

### मकान टैक्स और नल के दामों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव हुआ

*अशोकनगर। चन्देरी नगर पालिका की बैठक में मकान टैक्स और नल के दामों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव पारित होने से नगरवासियों में चिंता बढ़ गई है। संपति कर को 6 रुपये से बढ़ाकर 9 रुपये और नल का शुल्क 100 रुपये से 150-200 रुपये करने का फैसला लिया गया है। हालांकि, कर्मचारियों की छंटनी का प्रस्ताव पार्षदों के विरोध के चलते स्थगित कर दिया गया। नागरिकों ने बढ़े हुए टैक्स के बदले बेहतर साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की मांग उठाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में 13 बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ, जिनमें से पांच पर सहमति बन गई, जबकि कुछ बिंदु विरोध के कारण अधूरे रह गए। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण फैसला संपति कर में वृद्धि का रहा, जिसे पहले 6 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़ाकर लगभग 9 रुपये करने का प्रस्ताव पारित किया गया। संपति कर की वसूली अब निजी ठेके पर होगी, लेकिन यह पूरी तरह नगर पालिका के नियंत्रण में रहेगी। निजी कंपनी केवल वसूली का काम करेगी ।*

### गोमती नंदन पब्लिक स्कूल जीता

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छात्राओं ने कबड्डी जीती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने ज़िला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। 14 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की बालिका टीम ने बीना ब्लॉक को हराकर परचम लहराया। प्रतियोगिता में स्कूल की कुल 10 छात्राओं ने भाग लिया और अपनी कुशल खेल तकनीक और टीम वर्क का बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम में इतिशा अवस्थी, आध्या तोमर, गोमती पवार, सिद्वी ठाकुर, आध्या यादव, नंदनी दांगी, वैष्णवी अवस्थी, हार्षिता यादव, वैष्णवी कुशवाहा ने अपना शानदार खेल प्रदर्शन किया। वहीं टीम कोच कोमल पटेल, गीतेश रैकवार, शिक्षा मिश्रा एवं केदार सिंह ने कड़ी मेहनत, रणनीति और मार्गदर्शन के माध्यम से उत्कृष्ट तैयारी दिलाई। विद्यालय के चेयरमैन विकास अग्रवाल, प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल और एकेडमिक डायरेक्टर संतोष रजक ने छात्राओं और कोचों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चंदेरी में एसडीएम ने किया पौधरोपण

**अशोकनगर।** चंदेरी में एक पेड़ मां के नाम और पर्यावरण संरक्षण के लिए एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी के द्वारा चुंगी नाका हरकुंड स्कूल के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। बरगद का वृक्ष लगाते समय एसडीएम ने बरगद के महत्व उसकी विशालता, पर्यावरण के लिए वृक्षों की अनिवार्यता आदि का महत्व बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा प्रतिवर्ष अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। वृक्षारोपण के पश्चात उनको ट्री गार्ड से सुरक्षित किया गया। लगाए गए पौधों की सुरक्षा और उनके लिए पानी इत्यादि देने के लिए विद्यालय के शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई। इसके पश्चात विद्यालय प्रांगण में छात्रों को साइकिलों का वितरण भी किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी शिक्षक पालक आदि उपस्थित रहे।



# हस्तकला स्वरोजगार में श्रेष्ठ चयनः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण हस्तकला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हस्तकला स्वरोजगार के क्षेत्र में श्रेष्ठ चयन है । छात्राएं अपनी प्रतिभा को निखारें एवं आत्मनिर्भर बनें । करियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ रश्मि जैन ने कहा हस्तकला की मांग हर समय होती है। स्वरोजगार के क्षेत्र में हस्तकला उद्योग सार्वकालिक है। कॉलेज में छात्राओं के लिए हस्तकला प्रशिक्षण निःशुल्क कराया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि 30 दिवस या 60 घंटे में पूर्ण की जाएगी। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना भोपाल के पात्र निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण संपन्न कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण में लगभग 60 छात्राओं ने पंजीयन कराया है। प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं का जिला रोजगार कार्यालय में पंजीयन भी कराया जाएगा। यह प्रशिक्षण एचएस इंस्टीटयूट सागर वीटीपी रजिस्टर्ड द्वारा कराया जा रहा है। प्रशिक्षक रितुराज तिवारी ने कहा हस्तकला का क्षेत्र असीम है। हम अपनी कल्पना एवं अभ्यास के द्वारा इस क्षेत्र में स्थापित हो सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन आरती ठाकुर अतिथि विद्वान वाणिज्य संकाय ने किया।




### भारतीय ज्ञान परंपरा है अत्यंत प्राचीन और समृद्धः डॉक्टर सोनी

**बीना।** पीजी कॉलेज में वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर केंद्रित विश्व मानव सौहार्द दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सभी मानवीय मूल्य समाहित हैं। इस अवसर पर डॉ एमएल सोनी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत प्राचीन एवं समृद्ध परंपरा है। यह मानवीय सौहार्द को सर्वोच्च स्थान देती है। प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो आरएस तिवारी ने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना एकात्म को प्रतिष्ठित करती है। जियो और जीने दो के मूल्य भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी मोहम्मद रफीक शेख ने विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर संस्कृत भाषा को सीखने एवं संस्कृत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। वंदना चौबे ने ऐतिहासिक परिपेक्ष में मानवतावाद की अवधारणा को समझाया। डॉ राजेश सप्रे ने रक्तदान को मानवता के प्रति सच्ची पहल बताया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में नम्रता बघेल ने प्रथम, शिवानी अहिरवार ने द्वितीय एवं सृष्टि कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आभार डॉ चेतना शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को श्रीमद् भागवत गीता का ज्ञान बढ़ाने के लिए ऑनलाइन लर्न गीता वेबसाइट पर पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे विद्यार्थियों में मानवीय मूल्य विकसित हो सकें। इस मौके पर कॉलेज स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### फलोद्यान के नाम पर किया 7.74 लाख का घोटाला, जनपद के अफसरों ने किया झूठा मूल्यांकन व सत्यापन

# 7.74 लाख के पौधे खा गए सरपंच और सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

कोलारस जनपद विभाग के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में जारी निर्माण कार्यों में इन दिनों भ्रष्टाचार के काले बादल गढ-गढा रहे हैं और शासकीय योजनाओं में जमकर धांधली मची हुई है। ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को विनाश की संज्ञा दी जा रही है। ऐसे में जनता के लोग ऐसे भ्रष्ट सरपंच, सचिव व सहायक सचिवों से भारी दुखी हैं। ऐसे भ्रष्टाचारियों को अपना चेहरा आईने में देखने की आवश्यकता है। क्योंकि आईने के सामने से हट जाना समस्या का समाधान नहीं होता।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चंदौरिया में आम किसानों को जैविक खेती के साथ-साथ फलोद्यान के लिए प्रेरित करने हेतु शासन द्वारा 1.29 लाख की राशि स्वीक्रत की गई थी। ताकि किसानों का रूझान फसलों के साथ-साथ फल वाले पेडों की ओर बडे और उनकी आय में व्रद्धि हो सके। किंतु कोलारस जनपद की ग्राम पंचायत चंदौरिया में फलोद्यान के नाम पर किसानों के साथ सरपंच, सचिव व सहायक सचिव द्वारा ठगी की गई। वर्ष 2023-24 में स्वीक्रत फलोद्यान कार्य में जिन किसानों को शामिल किया गया था, उनमें रामदयाल, सुधीर, नारायण, गजुआ, दीपक और रामस्वरूप आदि शामिल हैं। जिनके नाम से 7.74 लाख रूपये की राशि स्वीक्रत की गई थी।



वर्तमान में यदि उक्त किसानों के खेतों का निरीक्षण किया जाए तो फलोद्यान के नाम आई 7.74 लाख रूपये की राशि इन्हें महज कागजों में ही प्राप्त हो सकी है। धरातल पर फल वाले पेड नजर नहीं आ रहे हैं। यहां पदस्थ सरपंच, सचिव व सहायक सचिव ने मिलकर फलोद्यान के नाम पर आई हुई 7.74 लाख की राशि को डकार लिया। उपयंत्री अमला भी इस खेल में बराबर का भागीदार रहा। जिसके चलते फलोद्यान जैसे जनहितैषी कार्य धरातल पर साकार रूप नहीं ले सके। इस भ्रष्टाचार के कारण किसानों को मिलने वाला आय का ये जरिया महज कागजों में ही दम तोड गया।

#### दोनों सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में ताला

ग्राम पंचायत चंदौरिया में स्वच्छता अभियान की भी तस्वीरें विकास से बिल्कुल जुदा हैं। चंदौरिया व रामपुर में 16.08.2022 को 7 लाख रूपये की लागत से दो सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाए गए थे। जिसका उददेश्य ग्राम पंचायत को खुले में शौच मुक्त करना था। ताकि ग्राम पंचायत चंदौरिया में साफ-सफाई बनी रहे और ग्राम वासियों का जीवन स्वस्थ्य बना रहे। किंतु उक्त दोनों सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के स्थल चयन में सरपंच, सचिव व सहायक सचिव द्वारा भारी कोताही बरती गई। जिसका तात्कालीन समय पर ग्राम वासियों ने भरपूर विरोध भी दर्ज कराया था। किंतु जनपद विभाग के अफसरों से मिलकर सरपंच, सचिव व सहायक सचिव ने अनुपयोगी स्थल का चयन कर उक्त दोनों सामुदायिक स्वच्छता परिसर की एएस व टीएस जारी करा ली। आज उक्त दोनों स्वच्छता परिसर महज शोपीस बनकर रह गए हैं। दोनों में ही ताला जडा हुआ है और इधर ग्राम वासियों को हाथ में लोटा लेकर खुले में शौच जाना पड रहा है। ग्राम वासियों के मुताबिक उक्त दोनों सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में पानी का कोई स्त्रोत नहीं है और गांव से भी इन सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की दूरी अधिक है। जिस कारण ग्रामीण इन दोनों सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का कोई खासा लाभ प्राप्त नहीं कर सके हैं।

#### इनका कहना है

मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है। फलोद्यान और स्वच्छता परिसरों की में जांच कर लेता हूं। इसके बाद आगे वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराउंगा।

**आदित्य सेंगर,** उपयंत्री जप कोलारस

### अभाविप करैरा नगर की कार्यकारिणी घोषित

# ब्रजमोहन नगर अध्यक्ष और अमन मिश्रा बने नगर मंत्री




**दिनारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) करैरा नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रत्येक वर्ष अभाविप नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करती है इसी क्रम में निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी हिरदेश पाठक जी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अभाविप भाग संयोजक करैरा रितुराज यादव उपस्थित रहे। उन्होंने अभाविप की 77 वर्षों की ध्येय यात्रा का उल्लेख करते हुए संगठन की उपलब्धियों, कार्यों एवं छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें नवीन दायित्व जिम्मेदारी : (नगर अध्यक्ष) ब्रजमोहन प्रजापति, (नगर मंत्री) अमन मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष राहुल ठाकुर, दिव्यांशी सोनी, ऋषभ यादव, चंद्रशेखर उर्फ पिंटू, (नगर सह मंत्री) आयुष शर्मा, आयुष तिवारी, हर्ष शाहू, रमन तिवारी, (नगर रत्रऋऊ प्रमुख) बादल सेन, (सह रत्रऋऊ प्रमुख) कृष्णा कुशवाह, नगर रत्रऋर नीकेश पाल, (नगर सह रत्रऋऊ प्रमुख) सतीश पाल, महाविद्यालय प्रमुख अंशिका, महाविद्यालय सह प्रमुख कृष्णा, विद्यालय प्रमुख वंश राजा परमार, (नगर कोषाध्यक्ष) अभय ठाकुर, (नगर सह कोषाध्यक्ष) मृदुल सोनी, (नगर खेलो भारत प्रमुख) आयुष पाल, (नगर कला मंच प्रमुख) आदि को सौंपी गई हैं।

### कागजों में निरीक्षण, घपलों-घोटालों की ग्राम पंचायत की भौतिक स्थिति से महरूम निरीक्षक अमला

# गोराटीला की 1 साल में ही 34 लाख की 4 पुलियाएं क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

ग्राम पंचायत स्तर पर दल-दल और कीचडयुक्त मार्ग से ग्राम वासियों को निजात दिलाने के लिए सीसी सडक और कल्वर्ड पुलियाओं का निर्माण किए जाने हेतु शासन ने करोडों की राशि प्रदान की है। किंतु ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच, सचिव व सहायक सचिव की मिलीभगत से जनहितैषी कार्यों में भी लीपा-पोती का आलम देखने को मिल रहा है। जनपद विभाग के अमले द्वारा सही तरीके से निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण न किए जाने के कारण आज भी ग्रामीण अंचल के लोग बदहाल और दल-दल युक्त मार्ग से गुजरने को विवश हैं। ऐसा ही एक मामला कोलारस जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गोराटीला से निकलकर प्रकाश में आया है। 14.96 लाख की लागत से व्रक्षारोपण निर्माण कार्य के घोटाले के बाद अब ग्राम पंचायत गोराटीला से 4 कल्वर्ड पुलिया निर्माण के नाम पर लगभग 34 लाख की राशि में सेंध लगाने का कार्य यहां पदस्थ सरपंच, सचिव व सहायक सचिव द्वारा अंजाम दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 34 लाख की लागत से वर्ष 2023-24 में स्वीक्रत 4 कल्वर्ड पुलियाओं के निर्माण जिनमें स्कूल के पास गोराटीला, मनीराम गुर्जर के घर के पास, विक्रम के घर के पास धर्मपुरा, मुरारी आदिवासी के घर के पास बौलाज आदि स्थानों पर किया गया है। जिसमें प्रत्येक पुलिया की लागत 8.43 लाख है। विगत वर्ष बनाई गई उक्त सभी पुलियाएं दुर्दशा का शिकार बनी हुई हैं। निर्माण के दौरान सरपंच, सचिव व सहायक सचिव ने स्थानीय नदी-नालों की रेत व खंडा, बोल्डर का इस्तेमाल विकास कार्य में किया है। जिस कारण महज 1 ही साल में उक्त चारों कल्वर्ड पुलियाएं क्षतिग्रस्त होकर दुर्दशा का शिकार बनी हुई हैं। जबकि उक्त पुलियाओं के निर्माण में सरपंच, सचिव व सहायक सचिव ने फर्जी सामग्री के बिल लगाकर 34 लाख का भुगतान उपयंत्री से मिलकर करा लिया है। जबकि पुलियाओं के निर्माण में लगाई गई निर्माण सामग्री रॉयल्टी वाली है। गुणवत्ताहीन घटिया मटेरियल का प्रयोग करने से उक्त चारों कल्वर्ड पुलियाएं जर्जर हो गई हैं। उपयंत्री द्वारा सही से भौतिक निरीक्षण न किए जाने के कारण ग्राम पंचायत गोराटीला में इस प्रकार के निर्माण कार्य देखने को मिल रहे हैं। जिसमें शासन की लाखों की राशि से होली खेली जा रही है। ग्राम वासियों के हितों को ध्यान में न रखते हुए सरपंच, सचिव व सहायक सचिव विकास की राशि का जमकर दुरूपयोग कर अपनी तिजोरियां भरने में लगे हुए हैं। ग्राम पंचायत गोराटीला एकांत और जंगल क्षेत्र में स्थापित है। इस कारण अधिकारिक अमला भी इतनी दूर निरीक्षण करने जाने से इतराता है। कार्यालय में बैठकर ही कागजों में निर्माण कार्यों का झूठा मूल्यांकन और सत्यापन किया जा रहा है। जिसके चलते ग्राम पंचायत गोराटीला में जो विकास होना चाहिए वो देखने को नहीं मिल रहा है। शासन बिना भेदभाव के सभी ग्राम पंचायतों में विकास का पूरा अवसर देते हुए पर्याप्त राशि प्रदान कर रही है। किंतु ग्राम पंचायत गोराटीला में ग्राम वासियों का जीवन अभी भी विकास और मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। यहां बताना लाजिमि होगा कि विकास कार्य के लिए आई करोडों की राशि के सदुपयोग को लेकर जनपद स्तर पर पदस्थ अधिकारिक अमला भी संजीदा नहीं दिखाई दे रहा है। निरीक्षक अमले की उदासीनता के कारण ग्राम पंचायत गोराटीला में किए गए विकास कार्य धरातल पर नहीं दिखाई दे रहे हैं। कागजों में ही फर्जी बिल लगाकर लाखों की राशि का आहरण किया जा रहा है। यदि निष्पक्ष जांच की जाए तो उक्त ग्राम पंचायत में कई विकास कार्य तो ऐसे निकलकर प्रकाश में आएंगे जिनका धरातल पर कोई अस्तित्व ही नहीं है। इस वित्तीय अनिमित्ता की जबावदेही सरपंच, सचिव व सहायक सचिव के साथ-साथ उपयंत्री, सहायक यंत्री और जनपद सीईओ की भी बनती है।



#### इनका कहना है

मामला संज्ञान में है। में अभी हाल ही में यहां पदस्थ हुआ हूं। आपके द्वारा बताए गए निर्माण कार्य मेरे समय के नहीं है। लेकिन में शीघ्र ही गोराटीला पंचायत में हुए सभी निर्माण कार्यों की भौतिक जांच कर वस्तु स्थिति से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराता हूं।

**हेमंत पुरी,** उपयंत्री जप कोलारस